# फर्जी खाते से 4 करोड़ का लेनदेन

## पूर्व कर्मचारी पर संदेह, पुलिस जांच जारी

- राजधानी में एक बड़ा बैंकिंग घोटाला सामने आया
- अक्टूबर 2024 में नोटिस के बाद मामले का खुलासा
- 2021 में बीमा के लिए एजेंट ले गया था पहचान पत्र

**भोपाल, 22 अगस्त. राजधानी में एक बड़ा बैंकिंग घोटाला सामने आया है. एक व्यक्ति के नाम पर निजी बैंक में फर्जी खाता खोलकर करीब 4 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया. यह मामला अक्टूबर 2024 में तब खुला जब पीड़ित को आयकर विभाग से संदिग्ध लेनदेन का नोटिस मिला.**

पीड़ित ने बताया कि उसने 2021 में स्वास्थ्य बीमा के लिए अपने पहचान पत्र एक एजेंट को दिए थे, जिनका दुरुपयोग कर फरवरी 2021 में बैंक खाता खोल दिया गया. खाता वर्षों तक सक्रिय रहा और कथित तौर पर साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क के लिए खच्चर खाते की तरह उपयोग होता रहा.

बैंक अधिकारियों पर आरोप है कि शिकायत के बाद भी छह माह तक कार्रवाई में देरी की गई और पूरी जानकारी साझा नहीं की गई. ग्राहक आवेदन पत्र में न तो पीड़ित के हस्ताक्षर थे और न ही मोबाइल नंबर दर्ज था.

### पुलिस ने बैंक को भेजा नोटिस

मामले की शिकायत पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने जांच के आदेश दिए. एमपी नगर पुलिस ने पाया कि खाता जाली दस्तावेजों से खोला गया था और संचालन के लिए फर्जी पहचान पत्रों से खरीदे गए सिम कार्ड का उपयोग हुआ. एसीपी एमपी नगर मनीष भारद्वाज ने बताया कि बैंक को नोटिस भेजा गया है और विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है. उन्होंने कहा,पूर्व बैंक कर्मचारी समेत तीन संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है. बैंक से जवाब मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह मामला बैंकिंग सत्यापन प्रणाली की गंभीर खामियों को उजागर करता है, क्योंकि इतने बड़े लेनदेन के बावजूद फर्जी खाता वर्षों तक संचालित होता रहा.

## एकलव्य विद्यालय में क्रीड़ा प्रतियोगिता आज

**भोपाल.** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में 23 अगस्त सुबह 9.30 बजे से राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होगा. इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 63 विद्यालयों से लगभग 250 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे. प्रतियोगिता का उद्घाटन सहायक आयुक्त प्रशान्त आर्य करेंगे. प्रतियोगिता का संचालन क्रीड़ा अधिकारी भोपाल नर्मदापुरम एवं क्रीड़ा अधिकारी बुरहानपुर के पर्यवेक्षण में किया जाएगा. विद्यालय के प्राचार्य अमृतराज झारिया ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी होती हैं.

# इंदौर से चलेगी नेपाल दर्शन ट्रेन

## 10 शहरों से मिलेगी सुविधा, डीलक्स एसी यात्रा, 9 रात-10 दिन तक रहेगी

**भोपाल, 22 अगस्त. भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है. इसी कड़ी में, आईआरसीटीसी की भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन पशुपतिनाथ दर्शन यात्रा के लिए 4 अक्टूबर को इंदौर से रवाना होगी.**



यह पहली बार है जब पश्चिम जोन द्वारा ऐसी विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, जिसमें एक रेल रेस्टोरेंट भी शामिल है. यह यात्रा केंद्र सरकार की एक भारत श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश जैसी पहलों के अनुरूप है. यह ट्रेन मध्य प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शहरों जैसे इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और सतना से होते हुए जाएगी, जिससे इन सभी स्टेशनों से यात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे. यह 9 रात/10 दिन की यात्रा है, जिसमें नेपाल के प्रसिद्ध दर्शनीय और धार्मिक स्थल जैसे चितवन राष्ट्रीय उद्यान, पोखरा और काठमांडू को कवर किया जाएगा. आईआरसीटीसी, वेस्ट जोन, मुंबई के समूह महाप्रबंधक गौरव झा ने बताया कि इस सर्व-समावेशी टूर में यात्रियों को आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन की सुविधा मिलेगी.

## एक नजर में



### पिता को बेटियों ने दी मुखग्नि समाज ने दिया सहारा

**भोपाल.** लालघाटी निवासी अजीत जैन का लंबी बीमारी के बाद कल रात निधन हो गया था. उनके कोई पुत्र नहीं था. उनकी दो पुत्रिया रौनक और अनमोल जिनकी परवरिश उन्होंने पुत्र की तरह ही की थी. जैन के अस्वस्थ होने पर दोनों पुत्रियां ही उनकी देखभाल करती थी. अजीत जैन की मृत्यु होने पर दोनों पुत्रियों ने कंधा दिया और छोला विश्राम घाट पर अपने पिता को मुखग्नि देकर फर्ज अदा किया.

### अजाक्स के नवीन भवन का लोकार्पण असंवैधानिक

**भोपाल.** मप्र अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के संवैधानिक प्रांताध्यक्ष मुकेश मौर्य ने कहा कि अजाक्स के स्वयंभू प्रांताध्यक्ष जेएन कांसोटिया द्वारा एसीएस गृह विभाग के पद का दुरूपयोग किया. उन्होंने अजाक्स संगठन के होल्ड खाते से लगभग 65 लाख रूपये निकाले, जो गबन की श्रेणी में आता है. वहीं दूसरी ओर नव निर्मित अजाक्स भवन को 24 अगस्त को लोकार्पण कराने का कुत्सित प्रयास हो रहा है, जो असंवैधानिक है. जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं. अन्यथा की स्थिति में प्रकरण दर्ज कराने के लिए भी बाध्य होंगे.

### भटकती मिली विक्षिप्त युवती को आश्रय मिला

**भोपाल.** बिलकिसगंज में भटकती मिली विक्षिप्त युवती को कोलार पुलिस ने सीमा विवाद में न पड़ते हुए मिशनरी ऑफ चैरिटी मदर टेरेसा जहांगीराबाद में आश्रय दिलाया है. 20 दिन पहले युवती को भटकता देख एक ऑटो चालक ने कोलार पुलिस के सुपुर्द किया था. जिसके बाद पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें उसके साथ किसी भी प्रकार के सैक्सुअल असाल्ट की पुष्टि नहीं हुई. युवती को गौरवी संस्था के माध्यम से एक बालिका गृह में रखा गया. पुलिस ने युवती की उम्र का मेडिकल परीक्षण कराया. जिसमें उसकी उम्र 20 साल से अधिक निकली.

# बिना यूनिफॉर्म के भेल कॉलेज में नो इंट्री

**भोपाल, 22 अगस्त. बाबूलाल गौर शासकीय पीजी कालेज भेल परिसर में अनाधिकृत लोगों का प्रवेश रोकने के लिए महाविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को सख्त रूख अख्तियार कर लिया. प्राचार्य के सख्त निर्देश पर बगैर यूनिफार्म एवं परिचय पत्र विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया गया.**



परिसर में आने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं का विवरण आगन्तुक रजिस्ट्रर में दर्ज किया गया. प्राचार्य डॉ संजय जैन ने बताया कि विद्यार्थियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर ही ड्रेस कोड लागू किया गया है. 22 अगस्त से कोई भी नियमित विद्यार्थी महाविद्यालय में बिना यूनिफार्म के एंट्री नहीं ले पाएगा. इससे अवांछित छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में नहीं आ सकेंगे. जिससे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण बना रहेगा. विद्यार्थियों को यूनिफार्म में आने के लिए 1 जुलाई से नियम लागू है, लेकिन विद्यार्थी इसकी अनदेखी कर रहे थे. जबकि प्रवेश प्रक्रिया के आरम्भ से ही यूनिफॉर्म के लिए छात्र-छात्राओं को इसकी सूचना दे दी गई थी. यह मुहिम जारी रहेगी. जब तक सभी यूनिफार्म में आना प्रारंभ नहीं करेगे. कई अभिभावकों ने इस मुहिम पर प्रसन्नता व्यक्त की.

# कोलार रोड पर अवैध पार्किंग बनी सिरदर्द

## सिक्सलेन के बाद भी आमजन को राहत नहीं

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 22 अगस्त. शहर को यातायात पुलिस और नगर निगम के लाख प्रयासों के बाद भी राजधानी को जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है. जगह-जगह खड़े वाहनों को अब पार्किंग तक पहुंचाने में ही पसीना आ जाता है.**



अलग-अलग इलाकों में अवैध पार्किंग ने लोगों को परेशान कर दिया है. कोलार रोड पर अवैध तरीके से खड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति बन रही है. खासकर सुबह और शाम के समय जब दफ्तर आने-जाने वाले तथा स्कूल-कॉलेज के बच्चों की भीड़ रहती है, तब यह समस्या और अधिक बढ़ जाती है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई वाहन चालक बिना किसी कारण के सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर देते हैं. इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और ट्रैफिक धीमा पड़ने लगता है.

> कई बार जाम इतना बढ़ जाता है कि राहगीरों और आपातकालीन वाहनों को निकलने में भी समस्या होती है. लोगों ने नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस से इस अव्यवस्था पर कार्रवाई की मांग की है. ट्रैफिक व्यवस्था को बनाने के लिए नियमित रूप से चालानी कार्रवाई तथा नो-पार्किंग क्षेत्र में सख्ती दिखाने की जरूरत है, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके.

# बाल विहार के पास गड्ढा बना जानलेवा

## राहगीरों को सता रहा दुर्घटना का डर



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 अगस्त. भोपाल टाकीज स्थित बाल विहार के पास पिछले एक माह से सड़क किनारे बड़ा गड्ढा हुआ है. जिससे सीवेज का गन्दा पानी सड़कों पर बह रहा है. और सड़क पर गन्दगी का ढेर लग चुका है.**

नगर निगम की कोई कोशिश दिखाई दे रही है, जिससे लोगों को छुटकारा नहीं मिल रहा है. सड़क पर खुदे गड्ढे के कारण आवगमन भी बाधित होता है. गाड़ियां जाम में फसती हैं. तो पैदल यात्री सड़क के किनारे उतर गड्ढों से जाने के लिए भी मजबूर नजर आते है.

> नगर निगम द्वारा सड़क को चमाचम करने से लेकर अतिक्रमण हटाने के हर दावे पर पानी फिरा नजर आता है. ऐसा लगता है हर कार्यवाही बस कागजी होती है. जमीनी हरकत को देखने और सुनने वाला कोई नहीं है. सड़क किनारे की सभी दुकाने भी गन्दगी और सीवेज के पानी के कारण बंद रह रही हैं. जिससे दुकानदारों की रोजाना आय भी प्रभावित हो चुकी है. एक महीने से खुदे इस गड्ढे की सुध और लोगों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है. दूकानदार से लेकर राहगीर तक समस्या से परेशान हो चुके है.

# निरंतर परिश्रम ही मिलती है सफलता

- संभागीय उपयुक्त पांडेय ने बच्चों को दिया मार्गदर्शन
- डॉ अलका ने 'नन्हे पंख ऊंची उड़ान' का महत्व बताया

**भोपाल, 22 अगस्त. ज्ञानोदय विद्यालय में संभागीय उपयुक्त प्रेम कुमार पांडेय ने दौरा किया. जहां उनका विद्यालय परिवार ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया.**



विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका भार्गव ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों तथा आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तार से बताया. पूर्ण अकादमिक वर्ष मानते हुए 'नन्हे पंख ऊंची उड़ान' ध्येय वाक्य का महत्व भी बताया. उपयुक्त पांडेय ने कक्षा 6 और कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं को भी जाना. उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर चयन के आधार और सही तरीकों पर मार्गदर्शन दिया. पांडेय ने कहा कि छात्र जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण और निरंतर परिश्रम करना सभी का उद्देश्य होना चाहिए, तभी सफलता मिलती है. प्रेरणादायी उद्बोधन के बाद उन्होंने विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा के प्रति जागरुकता का संचार हुआ.

# मिस्टर यूनिवर्स में हैदर ने लहराया परचम

**भोपाल, 22 अगस्त. राजधानी के होनहार युवा हैदर मुख्तार ने मिस्टर यूनिवर्स 2025 प्रतियोगिता में भारत का परचम पूरी दुनिया में लहराया है.**



उन्होंने 22 देशों के प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर देते हुए न केवल टॉप 3 में जगह बनाई, बल्कि 3 बड़े खिताब-मिस्टर यूनिवर्स मल्टीमीडिया, मिस्टर यूनिवर्स चैरिटी ब्रांड एंबेसडर और मिस्टर यूनिवर्स एशिया-अपने नाम कर इतिहास रच दिया. प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को नेशनल कॉस्ट्यूम, डीप्थ इंटरव्यू, स्पीच, प्रश्नोत्तरी, चैरिटी और पब्लिक वोटिंग जैसे कठिन राउंड्स से गुजरना पड़ा, जहां हैदर ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व से सबका दिल जीता. भोपाल वापसी पर एयरपोर्ट पर हैदर का स्वागत हुआ.

हैदर ने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे भोपालवासियों और उनकी राष्ट्रीय निदेशक प्रिया तिवारी का अहम योगदान रहा. उन्होंने बताया कि यह उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा मंच था, जहां उन्होंने पूरे समर्पण के साथ मेहनत की और सफलता हासिल की. वहीं, राष्ट्रीय निदेशक प्रिया तिवारी ने कहा कि हैदर की मेहनत और लगन ने भारत को यह बड़ी उपलब्धि दिलाई है.

# करोंद में मटकी फोड़ प्रतियोगिता, रूट जारी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 अगस्त. कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में करोंद चौराहा पर वृहद मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम स्थल करोंद चैराहा मुख्य मार्ग पर होने के साथ ही मुख्य मार्ग पर मंच होने के कारण करोंद चौराहा से गांधीनगर तक भारी मालयान, बड़े यात्री वाहन का आवागमन पूर्णत: परिवर्तित रहेगा. साथ ही सभी प्रकार के चार-पहिया, तीन पहिया, व दो-पहिया वाहन भी परिवर्तित मार्गों से आ-जा सकेगें. इस दौरान जनता की सुविधा के लिये प्रात 10 बजे से आवश्यकतानुसार यातायात व्यवस्था बदली रहेगी. यातायात नियमों का पालन कर यातायात व्यवस्था में सहयोग करें. किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात दूरभाष नं. 0755-2677340, 2443850 पर सम्पर्क करें तथा व्हाट्सअप नंबर 7587602055 पर भी बताएं. मिनॉल, अयोध्यानगर की ओर से एयरपोर्ट, गाँधीनगर की ओर जाने वाले बड़े वाहन भानपुर रोटरी से बेस्टप्राईज करोंद की ओर परिवर्तित मार्ग से जा सकेगें.

# महीने में 3 हजार से अधिक डॉग बाइट के मामले आए

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 अगस्त. शहर में कुत्तों से दहशत बढ़ती जा रही है. गली, मोहल्ले से लेकर मुख्य मार्गों तक में आवारा कुत्तों की गिनती बढ़ती जा रही है. दूसरी ओर सड़क पर पैदल से लेकर गाड़ी चलाने वाले लोग डॉग बाइट से परेशान हैं.**



आलम यह है कि लोग रात में निकलते समय कतराते हैं. क्योंकि रात में अक्सर चलती बाइक में कुत्ते लोगों को काटने के लिए झपटा मारते हैं और कई बार इस कारण से दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं. नगर निगम समय-समय पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाता है. नसबंदी और एंटी वैक्सीन भी लगाई जाती है, उसके बाद भी अस्पताल में डॉग बाइट के मामले बढ़ते जा रहे हैं.

जेपी जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि डॉग बाइट के मामले न सिर्फ भोपाल बल्कि हर जगह सामने आ रहे हैं. प्रतिदिन 100 से 125 डॉग बाइट के नए मामले अस्पताल में आ रहे हैं. पूरे माह की बात करें तो पिछले महीने अस्पताल में लगभग 3000 हजार से अधिक डॉग बाइट के मामले आये है. इनमें अगर पुराने केसों को जोड़कर देखें तो ये संख्या 4 हजार से अधिक हो जाती है. उन्होंने बताया फिलहाल इन मरीजों को एंटी रेबीज वैक्सीन दी जा रही है. अगर कोई केस ज्यादा सीरियस होता है तो उसे आवश्यकता अनुसार पूर्ण इलाज दिया जाता है.

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश : कुत्तों को वापस छोड़ा जाए

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी कर कुत्तों को शेल्टर होम में शिफ्ट करने की बात कही थी. जिसके बाद देश भर से इसके विरोध में आवाजें उठने लगी थी. अब सुप्रीम कोर्ट ने नया आदेश जारी किया और कहा पकड़े गए कुत्तों को वापिस छोड़ा जाए. हालांकि, यह भी स्पष्ट किया गया है कि रेबीज वाले और हिंसक कुत्तों को अलग शेल्टर होम में रखा जाएगा. कोर्ट ने यह भी कहा है कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं. गोद लेने वाले लोगों की जिम्मेदारी होगी कि वे कुत्तों को सुरक्षित ढंग से रखें, ताकि आम जनता को कोई परेशानी न हो. सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर भी रोक लगाई गई है. यह व्यवस्था पूरे देश के लिए लागू होगी. कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी है कि आदेश के पालन में बाधा डालने वाले व्यक्तियों या एनजीओ पर 2 लाख रुपये या उससे अधिक का जुर्माना लगाया जा सकता है.

## प्राचीन नवग्रह मंदिर में 3 दिवसीय शनि महायज्ञ

**भोपाल.** नेहरू नगर स्थित प्राचीन नवग्रह मंदिर में तीन दिवसीय नवग्रह शनि महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. गुरुवार से शनि महायज्ञ प्रारंभ हुआ, जो शनिवार तक चलेगा. जनकल्याण एवं सुख-समृद्धि, अन्न वृद्धि, ग्रहों की शांति के लिए यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है. भगवान नवग्रह शनि देव अनुष्ठान पूजन अभिषेक सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और शाम को हवन यज्ञ 4 से 6 बजे तक चलेगा. मंदिर के पुजारी ने बताया कि शनि देव 12 राशियों में से 5 राशि पर चल रहे हैं. जिसमें साड़ेसाती कुंभ, मीन, मेष पर चल रही है. अढ्या धनु और सिंह पर है. यज्ञ समापन के आखिरी दिन शनिचरी अमावस्या पर 151 जोड़ों के साथ यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ समापन होगा.

## कार्यशाला ▶ 'वार्तालाप' मीडिया वर्कशॉप का आयोजन, जागरुकता और सतर्कता से ही बचाव संभव

# डर, लालच और आलस्य : साइबर अपराध के 3 प्रमुख कारण

**भोपाल, 22 अगस्त. किसी भी व्यक्ति के साइबर अपराध का शिकार बनने के पीछे मुख्य रूप से डर, लालच या आलस्य में से ही कोई एक वजह होती है. थोड़ी-सी जागरूकता और सतर्कता रखने से साइबर धोखाधड़ी से बचा जा सकता है.**




उक्त विचार पत्र सूचना कार्यालय, भोपाल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर आधारित मीडिया वर्कशॉप 'वार्तालाप' के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने व्यक्त किए. राज्य साइबर पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को भोपाल स्थित होटल शुभ इन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया प्रतिनिधियों को साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरों एवं सावधानियों से अवगत कराना तथा समाज में व्यापक जन-जागरूकता बढ़ाना था.

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय की सहायक पुलिस महानिरीक्षक सारिका शुक्ला ने किया. उन्होंने कहा कि बदलते डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक गंभीर चुनौती है और समाज के हर वर्ग को इसके लिए जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने साइबर सुरक्षा पर केंद्रित 'वार्तालाप' को पीआईबी भोपाल की सराहनीय पहल बताया और कहा कि पत्रकारों के माध्यम से यह संदेश आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा.

> इस अवसर पर पीआईबी भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कहा कि डिजिटल लेन-देन बढ़ने के साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड भी चिंताजनक स्तर तक बढ़े हैं. वर्ष 2022 से 2024 के दौरान भोपाल के नागरिकों को लगभग 104 करोड़ रुपये का नुकसान ऑनलाइन ठगी के माध्यम से हुआ, जिसमें से केवल 2 प्रतिशत राशि ही रिकवर हो पाई. उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से प्राप्त धनराशि का उपयोग आतंकी गतिविधियों में भी होता है, इसलिए इस विषय पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि बैंकों में साइबर अपराध से जुड़े मामलों के लिए विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने चाहिए.